हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–138 : जौनपुर, सोमवार 30 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने राष्ट्रपिता बापू की पुण्यतिथि में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने जीपीओ स्थित बापू की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। स्कूली बच्चों ने वैष्णव जन समेत कई भजन प्रस्तुत किए। राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पित रहे राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिमा के समक्ष कुछ देर बैठकर बच्चों के भजनों को भी सुना। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। राष्ट्रपिता के चिंतन में मनुष्यता व समरसता का आह्वान सीएम योगीआदित्यनाथ ने ट्वीट कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। ट्वीट में सीएम ने कहा कि बापू के समग्र चिंतन में



मनुष्यता, स्वतंत्रता एवं समरसता का आह्वान है। उनकी शिक्षाएं रामराज्य और विश्व शांति की संकल्पना की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

## बदमाशो ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर एक युवक को किया घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चांदपुर बालू मंडी में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब बाइक सवार दो बदमाशों ने बालू मंडी में शैलेश यादव निवासी जीयनपुर थाना मड़ियाहूं को लक्ष्य करके ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी जिससे वो गंभीर रूप से घायल ही गए । दिनदहाड़े हुई गोलीबारी से पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। सूचना मिलते ही लाइन बाजार सहित आसपास के थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को अस्पताल भेजने के बाद बदमाशों की तलाश में जुट गई है। घायल युवक मल्हनी से सपा विधायक लकी यादव का करीबी बताया जा रहा है। युवक की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिये वाराणसी के लिए रेफर कर दिया है । वारदात के पीछे बालू मंडी में वर्चस्व की जंग बताई जा रही है।लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चांदपुर बालू मंडी में उस समय हड़कंप मच गया जब बाइक सवार दो बदमाशों ने शैलेश यादव निवासी जीयनपुर थाना मड़ियाहूं को लक्ष्य करके ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी।शैलेश यादव लालू को तीन गोलियां लगी जिसमे एक गोली बाए तरफ सीने, दूसरा हाथ तथा तीसरी गोली कमर में लगी है। उसकी हालत नाजुक देखते ही जिला अस्पताल के डाक्टरो ने वाराणसी रेफर कर दिया । अपने साथी को गोली मारे जाने की खबर मिलते ही मल्हनी विधायक लकी यादव जिला अस्पताल पहुंचकर हालचाल लिया। थाना क्षेत्र के चांदपुर गाँव के निवासी मनीष यादव के जमीन पर बालू मंडी है उसके साथ बड़े भाई का साला शैलेश यादव भी रहता है। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व किसी बात को लेकर मनीष यादव से कुछ लोगो से विवाद हुआ था आज बाइक सवार दो बदमाश मनीष यादव की हत्या के इरादेआ से आये थे लेकिन





शैलेष यादव बदमाशों का शिकार बन गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि अमर बहादुर यादव जो चौकीदार है मनीष यादव चांदपुर बालू मंडी में रहते हैं। चौकीदार ने बताया कि लालू यादव और मनीष आपस में बातचीत कर रहे थे तभी बाइक सवार तीन बदमाश रजनीश यादव, जवंसा यादव, देवा यादव ,जोकि मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं यह अचानक आकर शैलेश यादव उर्फ लालू यादव पर फायर किए लालू यादव घायल हो गए हैं। उनको बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है इसमें तहरीर लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रथम दृष्टया जो मामला सामने आया है उसने यह सामने आया कि आपसी रंजिश में गोली चली है। गिरफ्तारी के लिए टीमें बना दी गई है शीघ्र ही इन को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद प्रतापगढ़ सपा विधायक ने रामचरित मानस पर उठाए सवाल : मचा घमासान

प्रयागराज ब्यूरो : बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और समाजवावादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा रामचरित मानस पर दिए गए विवादित बयान पर लोगों का आक्रोश अभी थमा नहीं था कि प्रतापगढ़ में रानीगंज के सपा विधायक आरके वर्मा ने भी रामचरित मानस को लेकर आपत्तिजनकर ट्वीट कर दिया है। उन्होंने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान का समर्थन करते हुए मानस से उन चौपाइयों को हटाने की मांग की है जिस पर एक जाति विशेष को आपत्ति है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में तुलसीदास के पाठ्यक्रम को भी हटाया जाना चाहिए। विधायक वर्मा ने अपने ट्वीटर हैंडल पर लिखा है– तुलसीदास भेदभाव, ऊँचनीच, छुआछूत, गैरबराबरी की मानसिकता से ग्रसित कवि थे, जिनकी रामचरित मानस की अनेकों चौपाइयां जो संविधान विरोधी हैं, उससे आज का पिछड़ा,अनुसूचित, महिला व संत समाज अपमानित होता है, ऐसी चौपाइयों को हटाने के साथ तुलसीदास को छात्रों के पाठ्यक्रम से हटाया जाना चाहिए। सपा विधायक के ट्वीट



के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है। कुछ लोग उनके बयान पर सहमति जता रहे हैं तो कुछ उनकी खिंचाई भी कर रहे हैं। संदेश प्रताप सिंह नाम के एक यूजर ने आरके वर्मा को टैग करके लिखा है कि अन्य धर्मो के बारे में आपकी बोलती बंद क्यों हो जाती है। अमित तिवारी मोनू नाम के यूजर ने सपा विधायक को टैग करके लिखा कि तुलसीदासजी जातिवादी थे तो आप क्या हैं। रानीगंज की दरती पर जाति की राजनीति नहीं चलेगी। इसी तरह अन्य यूजरों ने भी सपा विधायक के ट्वीट पर आपत्ति जताई है तो कुछ ने सही ठहराया है।

## जनपद में विशाल कायस्थ सम्मेलन किया जायेगा आयोजित –राकेश श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायस्थ समाज के वरिष्ठ जनों की एक बैठक व चाय पर चर्चा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 2150 के राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया के सदर चुंगी आवास पर सम्पन हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष/राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। संचालन कायस्थ महासभा के प्रदेश प्रवक्ता/संगत पंगत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने किया। कायस्थ महासभा 2150 के राष्ट्रीय अध्यक्ष/संयोजक श्री मनीष श्रीवास्तव ने जौनपुर निवासी प्रदेश सचिव पद पर उमेश श्रीवास्तव ''फूफा जी,'' प्रदेश संगठन सचिव पद पर पंकज श्रीवास्तव हैप्पी जिलाध्यक्ष संगत पंगत व कायस्थ महासभा 2150 जौनपुर जिलाध्यक्ष के लिए मनोज श्रीवास्तव मियांपुर एडवोकेट,व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर राकेश श्रीवास्तव पूर्व प्रशासनिक अधिकारी,व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी व प्रकोष्ठ का पूर्वी प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय श्रीवास्तव को मनोनीत किया है। उपस्थित लोगों ने इन मंनोनित पदाधिकारीओ का जोरदार माल्यापर्ण कर जोरदार स्वागत किया मंनोनित पदाधिकारीओ ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निष्ठापूर्वक पूरा करेंगे मुख्य अतिथि राकेश कुमार श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष जौनपुर/प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 5680 ने कहा कि जौनपुर का कायस्थ समाज अब एकजुट हो गया है किसी भी कायस्थ संगठन का कोई भी कार्यक्रम हो उस कार्यक्रम में सभी संगठनों की सहभागिता एक नई सुरवात हुए हैं जो समाज की एकजुटता प्रदर्षित करती हैं हम सब एक है एक रहेंगे जौनपुर कायस्थ समाज के लोग पूरे देश में जौनपुर का नाम रोशन कर जौनपुर का सम्मान बढ़ा रहे है। राकेश जी ने कहा कि



शीघ्र ही जिले में एक विशाल कायस्थ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार अस्थाना ने कहा कि आज समय की मांग है कि हम सब मिलकर कदम से कदम मिलाकर चले। कल्याण समिति के अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि अब समय आ गया है कि और कायस्थों को सामाजिक क्षेत्र में आगे आना चाहिए। कायस्थ एकता मंच के अध्यक्ष दयाशंकर निगम ने कहा कि शीघ्र ही कायस्थ समाज आपके द्वार कार्यक्रम कर पूरे जिले के लोगो को जोड़ा जाएगा। कायस्थ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सम्पूर्णानंद अस्थाना ने कहा कि आज जिले के सभी संगठन एक साथ बैठे हैं जो हर्ष की बात है इस एकजुटता को बनाये रखना है। बैठक को वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन श्रीवास्तव संगत पंगत की महिला जिलाध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामरतन श्रीवास्तव, गोमती ग्रामीण पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना पत्रकार, अमर श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए सामाजिक एकजुटता पर बल दिया। बैठक व चाय पर चर्चा में शरद श्रीवास्तव,अजय वर्मा अज्जू, आर पी श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव पत्रकार आलोक वर्मा अजय श्रीवास्तव अमित निगम, विजय श्रीवास्तव,डॉ नीलेश श्रीवास्तव, डॉ विवेक श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव अनुपम श्रीवास्तव अनीश श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव विक्की श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव गौरव श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव राजेश किशोर श्रीवास्तव प्रशांत पंकज श्रीवास्तव हिमांशु श्रीवास्तव दिलीप श्रीवास्तव,आदि चित्रांश बंधु मौजूद रहे।आभार कायस्थ महासभा 2150 के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया।

## कृषक गन्ना बुवाई में संस्तुत प्रजातियों के स्वस्थ एवं रोग रहित बीज को उपचारित करके ही करें प्रयोग

जौनपुर सू.वि. : उप गन्ना आयुक्त/जिला गन्ना अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि प्रदेश आयुक्त, गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी के मार्गदर्शन में जनपद में बसंतकालीन गन्ने की बुवाई हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बसंतकालीन गन्ने की फसल बुवाई का समय प्रारम्भ हो चुका है। बसंतकालीन गन्ने की बुवाई का उचित समय 15 फरवरी से प्रारम्भ होकर माह मार्च के अंतिम सप्ताह तक रहता है। कृषक मौसम में बदलाव को देखते हुये बसंतकालीन गन्ने की बुवाई बसंत पंचमी से लेकर माह मार्च के अंतिम सप्ताह तक कर सकते हैं। बसंत कालीन गन्ने की बुवाई देर से काटे गये धान वाले खेत व मटर आलू आदि की फसल से खाली हुये खेत में तथा मार्च माह में गेहूं की कटाई के उपरान्त खली हुये खेत में की जा सकती है। उप गन्ना आयुक्त/जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गन्ने की बुवाई से पूर्व खेत की उचित तैयारी आवश्यक है। खाली खेत में मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई करें जिससे खरपतवार खेत में दबकर जैविक खाद में बदल जायें व मिट्टी में छिपे कीट व रोगाणु ऊपर आकर नष्ट हो जाएँ। इसके पश्चात कृषक पाटा अवश्य लगायें ताकि नमी सुरक्षित रहे। पाटा लगाने से पूर्व 10–15 टन कम्पोस्ट या गोबर की अच्छी अपघटित खाद एवं 05 लीटर एन.पी.के. जैव उर्वरक प्रति हेक्टेअर की दर से खेत में डालकर हैरो/कल्टीवेटर से एक–दो जुताई कर लें। गन्ने की बुवाई में अधिक पैदावार देने वाली संस्तुत उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को. 15023, को. लख. 14201, कोशा. 13235, को. 0118 की ही बुवाई करें। गन्ने की प्रजाति को. 0238 लाल सड़न रोग से प्रभावित होने के कारण पूर्वी क्षेत्र हेतु प्रतिबंधित है, इसलिए गन्ने की बुवाई हेतु इसके बीज का प्रयोग न करें। गन्ने का बीज स्वस्थ, निरोग, उत्तम गुणवत्ता वाला ही चयन करें। गन्ने के ऐसे खेत/प्लाट जो किसी बीमारी से ग्रसित हैं उनमे गन्ने की बुवाई हेतु बीज का चयन कदापि न करें। असंस्तुत प्रजातियों जैसे को 0239 आदि की बुवाई नहीं करनी चाहिये। बीज हेतु गन्ने के ऊपरी एक तिहाई से आधे भाग का उपयोग करना चाहिये तथा गन्ना बीज की आयु 8–10 महीने की होनी चाहिये। बीज जनित रोग जैसे लाल सड़न, स्मट एवं उकठा रोग की रोकथाम हेतु कार्बेन्डाजिम/थायोफिनेट, मिथाईल का 0.1 प्रतिशत घोल अथवा 112 ग्राम दवा 112 लीटर पानी में घोल बनाकर 5–10 मिनट तक गन्ने के टुकड़े उसमें डुबाकर उपचारित करने के पश्चात ही बुवाई करनी चाहिये। इसके साथ ही भूमि जनित कीटों की रोकथम के लिए क्लोरोपायरिफास या इमिडाक्लोरोपिड का प्रयोग करना चाहिये। गन्ने की बुवाई के समय लालसड़न रोग से बचाव हेतु ट्रायकोडर्मा का प्रयोग भी करना चाहिये। ट्रायकोडर्मा प्रति एकड़ 4 किग्रा की दर से दो कुन्तल अपघटित गोबर की खाद से मिलाकर 1 दिन रखने के पश्चात बुवाई के समय खेत में मिलायें। गन्ने की अच्छी पैदावार हेतु बुवाई के समय खेत में संस्तुत उर्वरक 60–70 कि.ग्रा. एन.पी.के., 35–40 कि.ग्रा. पोटाश व 10–12 किग्रा सूक्ष्म तत्वों का प्रयोग करना चाहिये। उप गन्ना आयुक्त/जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि से करने पर लग–भग 20–25 प्रतिशत अधिक पैदावार मिलती है इसलिए गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि अथवा कम से कम 4 फिट की दूरी पर एक आँख अथवा दो आँख के टुकड़े से ही करें। दो कुंडों अथवा दो पंक्तियों के बीच में बसंतकाल में गन्ने की बुवाई के साथ खाली स्थान में मूंग, उरद, खीरा, भिंडी, हरी मिर्च, टमाटर आदि की अन्तः फसली खेती कर अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कृषक बसंतकालीन गन्ना बुवाई में उपरोक्त वैज्ञानिक विधियां अपनाकर तथा बुवाईकर अच्छे गन्ने के साथ ही अन्तः फसल लेकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं।

## प्राथमिक विद्यालय अटारी में तीन कक्ष जर्जर : प्रधान संयोगिता सिंह चौहान ने दी उच्च अधिकारियों को सूचना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विकासखंड माल,अटारी ग्राम पंचायत में स्थापित प्राथमिक विद्यालय में छह कक्ष है, जिसमे से तीन कक्ष जर्जर हैं विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान न होने के कारण शिक्षण कार्य बाधित होता है। ग्राम प्रधान संयोगिता सिंह चौहान ने उच्च अधिकारियों को सूचना भेज दी है एवं जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी दे दी है। छात्रहित में सहयोग की अपेक्षा की है। कक्षाकक्ष तीन ,जर्जर होने से छात्र एवं अभिभावक चिंतित है।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Deshkiupasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** को सही एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## पीयू की असिस्टेंट प्रोफेसर अन्नू त्यागी को मिला रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शोध के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर अन्नू त्यागी को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से मनोविज्ञान विभाग का रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड दिया गया । अन्नू त्यागी की अनुपस्थिति में यह अवार्ड



उनके पिता ने कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के हाथों प्राप्त किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ, शोध के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले छात्र – छात्राओं को रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान करता है । इस बार 12 छात्र छात्राओं को यह अवार्ड विभिन्न विषयों में बेहतर शोध कार्य रहने पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के हाथों प्रदान किया गया । पूर्वांचल विश्वविद्यालय की मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अन्नू त्यागी ने अपनी पीएचडी प्रोफेसर अल्पना अग्रवाल के निर्देशन में पूरी की है , दो बार नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली अन्नू त्यागी के शोध का विषय है कि ''घ्जो लोग जन्म से वर्तमान में जीते हैं अर्थात माइण्डफुल होते हैं और मनोवैज्ञानिक तौर पर लचीले होते हैं, क्या ऐसे लोगों का मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य सामान्य लोगों से बेहतर होता है । शोध में पाया गया की जिन लोगों में यह दोनो गुण थे उनका मनोवैज्ञानिक स्वास्थ बेहतर होता है और जिन लोगो को यह गुण जन्म से नहीं मिला है वह तकनीक के माध्यम से इन्हे सीख सकते हैं। स्कूलों में इस तरह के बच्चों में शुरू से ही यह गुण चयनित करके विकसित किया जाय तो उसकी साइकोलाजी इम्यूनिटी बढ़ सकती है । असिस्टेंट प्रोफेसर अन्नू त्यागी की इस उपलब्धि पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति निर्मला एस मौर्या सहित साथी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया ।

## गणतंत्र दिवस का बीटिंग द रिट्रीट (परिसमाप्ति समारोह) सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। परिसमाप्ति समारोह की प्रथा उस पुरातन काल से चली आ रही हैं जब सूर्यास्त होने पर युद्ध बंद कर दिया जाता था। बिगुल पर रिट्रीट की धुन सुनते ही योद्धा युद्ध बंद कर देते थे और अपने शस्त्र समेट कर रणस्थल से अपने शिविरों को चले जाते थे। इसी कारण रिट्रीट वादन के समय स्थिर खड़े रहने की प्रथा आज तक चली आ रही है। रिट्रीट के समय सेनाओं के झंडे और निशान उतार कर रख दिये जाते थे । नगाड़ा



बजाना (ड्रम बीट्स) उस काल का प्रतीक है जब कस्बों तथा शहरों में रहने वाले सैनिकों को सायंकाल निश्चित समय पर अपने शिविरों में वापस बुला लिया जाता था। इन्हीं प्राचीन प्रथाओं के मेलजोल से वर्तमान परिसमाप्ति समारोह का जन्म हुआ है। गणतंत्र दिवस के तीसरे दिन पुलिस लाइन लखनऊ में बीटिंग द रिट्रीट (परिसमाप्ति समारोह) सेना के पाइप एवं ड्रम बैण्ड, पीएसी का ब्रास बैण्ड, मिलिट्री के बैण्ड एवं होमगार्ड ब्रास बैण्ड द्वारा संयुक्त मधुर धुन के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल उ०प्र० आनंदी बेन पटेल रहीं। राज्यपाल उ0प्र0 महोदय द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के अवसर पर मार्चिंग के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाली टोलियों में यू०पी० ए०टी०एस० कमांडो को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस महानिदेशक उ०प्र०, पुलिस कमिश्नर लखनऊ सहित शासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा सेना, पुलिस के अधिकारी / कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनी कमजोरियां पुरुषार्थ को कठिन बना देती हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

### रामचरित मानसः आखिर इस श्रेष्ठतम महाकाव्य का अपमान क्यों?

सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के इस युग में लोग कुछ ज्यादा ही संवेदनशील हो गए हैं। कोई नई किताब आती है तो उस पर बवाल, नई फिल्म आती है तो उस पर बवाल हो जाता है। अगर बवाल करने को नया मुद्दा नहीं मिलता तो पुराने मुर्दे उखाड़े जाने लगते हैं। हिन्दी फिल्म पठान का बवाल थमा भी नहीं था कि अंधविश्वास को सनातन धर्म से जोड़ कर क्रांति का बिगुल बजा दिया गया। अंध विश्वास को सनातन धर्म की आत्मा बताने वाले बाबा अपने महाअभियान में निकले ही थे कि राजनीति के कई घाटों का पानी पी चुके सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने तुलसीदासकृत महाकाव्य ''राम चरित मानस'' पर ही हल्ला बोल दिया। स्वामी प्रसाद मौर्य एक सुशिक्षित और अनुभवी राजनेता है। राजनीति के अलावा वकालत भी करते रहे हैं। वह नब्बे के दशक से सक्रिय राजनीति में हैं और उत्तर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री तथा प्रतिपक्ष के नेता भी रह चुके हैं। लेकिन उनकी नजर अब गोस्वामी तुलसीदास के महाकाव्य ''राम चरित मानस'' पर पड़ी। स्वामी प्रसाद ने राम चरित मानस को बकवास बताते हुए उसकी कुछ चौपाइयां हटवाने तथा इस महाकाव्य को बैन करने की मांग कर डाली। स्वामी प्रसाद का यह बीड़ा उठाना ही था कि उनके समर्थन में भी कुछ 'लाइक माइंडेड' लोग उतर गए। उन्होंने महाकाव्य की प्रतियां तक फूंक डाली। हालांकि समाजवादी पार्टी अपने इस धुरंधर नेता के बयान से स्वयं को अलग बता रही है। रामचरित मानस में संशोधन की बात भी हास्यास्पद ही है। क्योंकि यह कोई कानून की किताब नहीं जिसे संशोधित किया जाए या संविधान की धारा 370 की तरह उसकी भी कोई धारा हटा कर नई धारा जोड़ दी जाए। यह एक लोकसाहित्य है जो सीधे लोगों की धार्मिक भावनाओं से भी जुड़ी हुई है। लोकसाहित्य और धार्मिक प्रसंग लोगों के दिमाग में होते हैं जिन्हें दिमाग से ही हटाया जा सकता है। आदर्श समाज–शासन की परिकल्पना है रामकथा में ''रामचरित मानस'' बस एक काव्य ही नहीं बल्कि सनातन धर्मावलम्बियों द्वारा भगवान के रूप में आराध्य राम की कथा है। इस महाकाव्य में मानवता की कल्पना, जिसमें उदारता, क्षमा, त्याग, निवैरता, धैर्य और सहनशीलता आदि सामाजिक शिवत्व के गुण अपनी पराकाष्ठा के साथ मिलते हैं। इसमें राम का सम्पूर्ण जीवन–चरित वर्णित हुआ है। इस महान कृति में ''चरित'' और ''काव्य'' दोनों के गुण समान रूप से मिलते हैं। इसलिए राम भक्तों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा के खिलाफ राजनीतिक प्रतिद्वन्दिता और वैमनस्यता की भड़ास निकालने के लिए रामचरित मानस का अपमान धर्मावलम्बियों की भावनाओं को आहत करना ही है। यही नहीं रामचरित मानस की आड़ में स्वामी प्रसाद मौर्य जिस भाजपा को निशाना बना रहे हैं उसे इस अभियान से राजनीतिक लाभ ही होगा। ढोल गंवार सूद्र पशु नारी चौपाई का विरोध नया नहीं संसार के श्रेष्ठ महाकाव्यों में से एक ''रामचरित मानस'' की विवादित चौपाई–

**'प्रभु भल कीन्ह मोहि सिख दीन्हीं। मरजादा पुनि तुम्हरी कीन्हीं**
**ढोल गंवार सूद्र पसु नारी। सकल ताड़ना के अधिकारी**

इसका विवाद नया नहीं है। एक बार मोरारजी देसाई ने प्रधानमंत्री के तौर पर संसद में ये चौपाई किसी संदर्भ में सुनाई थी और उस पर भारी विवाद भी हुआ था। लेकिन मोरारजी ने माफी नहीं मांगी थी। कुंठित वामपंथी संगठन भी इस चौपाई पर अपना विरोध प्रकट करते रहे हैं। कुछ समय से रामचरित मानस पर दोबारा विवाद सिर उठा रहा है। पहले बिहार के मंत्री चंद्रशेखर ने इस पर विवादित बयान दिया था। उसके बाद कर्नाटक में एक रिटायर्ड प्रोफेसर ने रामचरितमानस पर विवादित बयान दिया, और अब समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य विवादित बयान के लिए चर्चा में हैं। ताड़न का मतलब शिक्षा भी माना गया हालांकि इस चौपाई की व्याख्या इस तरह भी की जाती हैः– प्रभु ने अच्छा किया जो मुझे शिक्षा दी (दंड दिया), किंतु मर्यादा (जीवों का स्वभाव) भी आपकी ही बनाई हुई है। ढोल, गंवार, शूद्र, पशु और स्त्री ये सब शिक्षा के अधिकारी हैं। इस चौपाई के पीछे तुलसीदास जी का अभिप्राय जो भी हो, मगर आज के संदर्भ में यह अप्रासंगिक भी है और अनावश्यक विवादकारी भी है। लोकतंत्र में समाज के किसी भी वर्ग को इस तरह लक्षित हेय दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। यहां तक कि पशुओं को भी नहीं। इस चौपाई के समर्थक रामचरित मानस की उस चौपाई का उदाहरण देते हैं जिसमें कहा गया है कि ''धीरज, धर्म, मित्र अरु नारी। आपद काल परखिए चारी।।'' मतलब यह कि तुलसीदास के मन में स्त्रियों के लिए बहुत सम्मान था, प्राणिजगत के लिए प्रेम था। उस समय के समाज का दर्पण है यह महाकाव्य कोई भी साहित्य तत्कालीन समाज का दर्पण होता है। समाज के रीति–रिवाज, आचार–व्यवहार तत्कालीन साहित्य के दर्पण में प्रतिबिम्बित होते हैं। रामायण कालीन या तुलसीदास जी ने जब सम्बत् 1631 में इस महाकाव्य की रचना शुरू की होगी तो उस समय के समाज का प्रतिबिम्ब इसमें आना स्वाभाविक ही है। लेकिन परिवर्तन प्रकृति का नियम है। समय चक्र के साथ ही समाज और उसी रीति–नीति और आचार व्यवहार बदलते रहते हैं। उस काल में राजा को ईश्वर का प्रतिनिधि माना जाता था इसलिए राजा की भक्ति ही ईश्वर की भक्ति मानी जाती थी। राजाज्ञा ईश्वर की आज्ञा मानी जाती थी, लेकिन सदियों के अंतराल में आज समय के साथ ही समाज बहुत बदल गया। लोकतंत्र के युग में राजा भी प्रजा हो गए और प्रजा, राजा हो गए। आज रामराज्य का संकल्प तो लिया जाता है मगर लोकतंत्र के इस युग में वैसा रामराज चल भी नहीं सकता। तब परिवारवाद और वंशवाद चलता था, सामन्तवाद भी था। अब तो वंशवाद और परिवारवाद की आलोचना करने वालों में रामभक्त पार्टी भाजपा सबसे आगे है। आज पिता के कहने पर कोई 14 वर्ष बनवास नहीं कर सकता। इसी तरह ढोल–शूद्र और पशु नारी...वाली चौपाई की कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है, लेकिन देश तो संविधान से चलता है और संविधान तो समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व मानवीय गरिमा की गारंटी देता है, इसलिए स्वामी प्रसाद जी का एक निर्जीव पुस्तक पर लालपीला होना राजनीति का एक हिस्सा ही हो सकता है। श्रेष्ठतम् साहित्य है रामचरितमानस ''राम चरित मानस'' केवल एक भक्ति कथा नहीं बल्कि अवधी की श्रेष्ठतम भक्ति काव्य और संसार श्रेष्ठ महाकाव्यों में से एक है। इसके मुख्य छन्द चौपाई और दोहा हैं, बीच–बीच में कुछ अन्य प्रकार के भी छन्दों का प्रयोग हुआ है। भारतीय साहित्य–शास्त्र में महाकाव्य के जितने लक्षण दिए गए हैं, वे उसमें पूर्ण रूप से पाए जाते हैं। रामचरितमानस को तुलसीदास ने सात काण्डों में विभक्त किया है। इन सात काण्डों के नाम हैं – बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, लंकाकाण्ड (युद्धकाण्ड) और उत्तरकाण्ड। छन्दों की संख्या के अनुसार बालकाण्ड और किष्किन्धाकाण्ड क्रमशः सबसे बड़े और छोटे काण्ड हैं। इस महाकाव्य में 27 श्लोक, 4608 चौपाई, 1074 दोहे, 207 सोरठा और 86 छन्द हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## फार्मेसिस्ट फेडरेशन रिटायर्ड विंग का गठन : जय सिंह अध्यक्ष आर आर चौधरी महामंत्री चुने गए

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। फार्मेसिस्ट फेडरेशन की सेवानिवृत्त विंग के संयोजक श्री जय सिंह सचान की अध्यक्षता में कुर्मी क्षत्रिय भवन कुकरैल पिकनिक रोड फरीदी नगर में सेवानिवृत्त प्रभारी अधिकारी फार्मेसी, चीफ फार्मेसिस्ट एवं फार्मेसिस्ट साथियों की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें विंग के पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ, श्री जय सिंह सचान अध्यक्ष और आर आर चौधरी महामंत्री चुने गए । बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी विधाओं के सेवानिवृत्त साथियों को एक साथ लाने पर विचार विमर्श किया गया तथा तय किया गया कि सेवानिवृत्त साथियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए फार्मासिस्ट फेडरेशन की रिटायर्ड विंग मजबूती के साथ काम करेगी, साथ ही सभी को एक दूसरे से मिलने जुलने, भाईचारा को मजबूत रखने, हर सुख दुख में भागीदारी करने के लिए समय–समय पर बैठके आयोजित करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अमरपाल यादव संरक्षक, जय सिंह सचान को अध्यक्ष, आर आर चौधरी को महामंत्री, एन डी एम त्रिपाठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अब्बास, राकेश उमराव, एन एस रौतेला, वी के सिंह को उपाध्यक्ष,



हरद्वारी लाल राज को संगठन मंत्री एवं रणधीर सचान को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में फार्मेसिस्ट फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील यादव ने सभी को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि सभी वरिष्ठ सेवानिवृत्त साथियों का आशीर्वाद, संरक्षण एवं सहयोग से फार्मेसिस्टों को नई दिशा मिलेगी, महामंत्री अशोक कुमार ने सभी को बधाई देते हुए उपस्थित सभी सेवानिवृत्त साथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। निर्णय लिया गया कि जल्द से जल्द प्रत्येक जनपदों में सेवानिवृत्त साथियों को जनपद प्रभारी नामित किया जाएगा और जल्द ही एक प्रादेशिक बैठक आहूत कर सेवानिवृत्त फार्मेसिस्टों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को संयोजक केके सचान विद्याधर पाठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी नायक उपाध्यक्ष ओपी सिंह राजेश सिंह संगठन मंत्री राजेश सिंह ने बधाइयां दी है।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी से अखिलेश ने साधे सियासी समीकरण : लेकिन शिवपाल के साथियों को जगह नहीं

लखनऊ ब्यूरो : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के जरिए सियासी समीकरण साधने की कोशिश की है। जाति, उम्र, समाज का पूरा ध्यान रखा गया है। पुराने चेहरों को तवज्जो देते हुए सक्रिय भूमिका निभाने वालों को पदोन्नति दी है। विभिन्न दलों से आए उन्हीं नेताओं को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह दी गई है, जो वोटबैंक जोड़ने के लिहाज से अहम हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल 63 चेहरों में 10 यादव, आठ मुस्लिम, पांच कुर्मी, चार ब्राह्मण, सात दलित चेहरे और 16 अति पिछड़े वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है। जबकि पिछली बार की 55 सदस्यीय कार्यकारिणी में सात यादव, आठ मुस्लिम, तीन ब्राह्मण, तीन कुर्मी, पांच दलित और 11 अन्य पिछड़े वर्ग के लोग थे। कार्यकारिणी में पवन पांडेय, हाजी इरफान अंसारी जैसे चेहरों को शामिल करके युवाओं को जोड़े रखने की कवायद की गई है। कार्यकारिणी की घोषणा विधान परिषद शिक्षक एवं स्नातक खंड की पांच सीटों के मतदान के ठीक एक दिन पहले की गई है। ऐसे में सपा ने चुनाव से ठीक पहले कार्यकारिणी में हर वर्ग की भागीदारी का सबूत देकर इस चुनाव में भी बढ़त लेने की कोशिश की है। परिवार को तवज्जो, महिलाओं को भी भागीदारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में परिवार के सदस्यों को तवज्जो दी गई है। अभी तक अखिलेश यादव के बाद प्रो. रामगोपाल यादव और उनके बेटे अक्षय यादव शामिल थे। लेकिन अब शिवपाल सिंह यादव, तेज प्रताप यादव और धर्मेंद्र यादव को भी शामिल किया गया है। इस तरह 10 यादवों में छह तो परिवार के ही सदस्य हैं। सैफई परिवार के



तीनों युवा चेहरों को कार्यकारिणी सदस्य बनाकर सामंजस्य बनाए रखने का भी प्रयास किया गया है। कार्यकारिणी में पहले की तरह ही पांच महिलाओं को भी शामिल किया गया है। जूही सिंह के स्थान पर महिला सभा की निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष लीलावती कुशवाहा को जगह दी गई है, अनु टंडन को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन शिवपाल के साथियों को जगह नहीं सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शिवपाल को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है, लेकिन उनके साथियों को तवज्जो नहीं मिली है। सपा से अलग होते समय शिवपाल के साथ जाने वालों को राष्ट्रीय कार्यकारिणी से दूर रखा गया है। अब सभी की निगाहें प्रदेश कार्यकारिणी पर टिकी हैं, क्योंकि शिवपाल बार–बार यही दुहाई देते रहे हैं कि उनके साथ जुड़े लोगों को भी सपा में समायोजित किया जाएगा। कितनी कारगर होगी दलित राजनीति सपा अभी तक जातीय तौर पर अल्पसंख्यकों और पिछड़े वर्ग की राजनीति करती रही है। अखिलेश यादव विधानसभा चुनाव 2022 से लगातार अंबेडकरवादियों और लोहियावादियों को एक मंच पर लाने की दुहाई देते रहे हैं। अब राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पार्टी में वर्षों से कार्य कर रहे दलित नेताओं को तवज्जो देने के बजाय बसपा पृष्ठभूमि से निकले नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में अहम सवाल यह भी उठ रहा है कि यह कदम पार्टी के लिए कितना फायदेमंद होगा।

### माघ मेले में चेहरा कूंचकर महिला की हत्या : आंख भी फोड़ी : हत्यारोपी फरार

प्रयागराज ब्यूरो : माघ मेला क्षेत्र में रविवार आधी रात सनसनीखेज वारदात हुई। यहां 45 वर्षीय सुनीता वर्मा की चेहरा कूंचकर हत्या कर दी गई। हत्यारे ने उसकी एक आंख भी फोड़ दी। हत्या का आरोप मनीष यादव पर है जो उसके साथ पिछले तीन साल से रहता था। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। दारागंज पुलिस देर रात तक उसकी तलाश में लगी रही। मृतका मूल रूप से रीवा के गांव दुगमा कुर्मियान, थाना मऊगंज की रहने वाली थी। उसके पति अच्छेलाल की 2020 में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। चार बच्चों में दो बेटे और दो बेटियां हैं। इनमें से सबसे छोटी बेटी छह वर्षीय दामिनी को साथ लेकर वह वर्तमान में माघ मेला क्षेत्र में रह रही थी। यहां उसके साथ कौशांबी के करारी निवासी मनीष यादव भी रहता था। दोनों मजदूरी करते थे। रविवार देर रात मनीष और सुनीता के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बेटी दामिनी का कहना है कि इसी दौरान मनीष ने उसकी मां को डंडों से पीटना शुरू कर दिया। उसके सिर पर और चेहरे पर डंडे से वार किया। दहशत में आकर वह मौके से भाग कर मेला क्षेत्र में ही तैनात पुलिसकर्मियों के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला लहूलुहान हालत में पड़ी थी और आरोपी फरार हो चुका था। सूचना पर दारागंज थाने की पुलिस भी पहुंच गई और महिला को लेकर एसआरएन अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर एसीपी दारागंज आस्था जायसवाल भी पहुंची और मृतका की बेटी से पूछताछ की। मृत का और आरोपी में किस बात को लेकर विवाद हुआ, इस बारे में देर रात तक कुछ पता नहीं चल सका था। एसीपी ने बताया कि मृतका के रीवा में रहने वाली दोनों बेटों को सूचना दे दी गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दस दिन पहले ही सूरत से लेकर आया था आरोपी जांच पड़ताल में यह बात सामने आई कि आरोपी मनीष यादव सूरत में रहकर प्राइवेट काम करता था। उधर पति की मौत के बाद सुनीता भी अपने मायके वालों के साथ काम करने सूरत गई थी। वही उसकी मुलाकात मनीष से हुई और फिर दोनों में नजदीकी हुई। 10 दिन पहले ही मनीष सुनीता को लेकर प्रयागराज आया था।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 120 रुपये की हो रही वसूली

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नगर पंचायत उरूवा कार्यालय पर प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत कैम्प लगाकर डूडा के कर्मचारी 120 लेकर फार्म भर रहे हैं। इस योजना के सम्बन्ध में कम्युनिटी ऑफिसर डूडा हरिकेश ने बताया कि योजना के अंतर्गत रेहड़ी ,व ठेला लगाकर जीवकोपार्जन करने वाले लोगों के लिए 10000 रुपये व्यवसाय के लिए सरकार दे रही है, जिसपर 7 प्रतिशत की सब्सिडी है। उनसे जब यह पूछा गया कि 120 रुपये किस बात के लिए जा रहे हैं तो उन्होंने 40 रुपये पोर्टल फीस जमा होने की बात कही।जबकि 60 रुपये अन्य खर्च बताया। इस सम्बंध में ईओ नगर पंचायत उरूवा संजय गुप्ता ने बताया कि 120 रुपये गलत लिए जा रहे है।सम्बंधित अधिकारी से बात की जायेगी।

## खुला बाजार बिक्री योजना के अंतर्गत 1 फरवरी 2023 से देश में 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री शुरू होगी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। खुला बाजार बिक्री योजना (घरेलू) (ब्डै (क) के अंतर्गत फरवरी, 23 के पहले सप्ताह ( 1 फरवरी 23 ) से पुरे देश में पच्चीस लाख मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री की पेशकश की गई है, जिसके लिए भारतीय खाद्य निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा निविदाएँ अपलोड कर दी गयी है ।ये निविदा साप्ताहिक आधार पर 15 मार्च 2023 तक की जायेगी। गेहूं का स्टॉक खरीदने के लिए इच्छुक खरीद एफसीआई की ई–नीलामी सेवा प्रदाता एम. जंक्शन सर्विसेज लिमिटेड '''' (http%//www.valuejunction.in/fcil) के साथ खुद को सूचीबद्ध कर सकते हैं और स्टॉक के लिए बोली लगा सकते हैं । सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया 72 घंटे के भीतर कर ली जायेगी। देश में गेहूं एवं आटे की बढ़ती कीमतों से निपटने लिए भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि एफ.सी. आई खुला बाजार बिक्री योजना (घरेलू) (ब्डै (क) के विभिन्न प्रावधानों के माध्यम से 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं बाजार में उपलब्ध करायेगी। पिछले वर्ष गेहूं के कम उत्पादन एवं निर्यात का असर अब दिखने लगा है। गेहूं एवं आटे की कीमतें लगातार बढ़ रही है। इस पर नियंत्रण के लिए भारतीय खाद्य निगम 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपलब्ध कराएगा। निगम इनमें से 25 लाख मीट्रिक टन की बिक्री करने जा रहा है। मण्डल कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत इस सप्ताह पांच हजार मीट्रिक टन की बिक्री की जायेगी। मण्डल कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत एफसीआई के खाद्य संगृह भंडार तालकटोरा से 4500 मीट्रिक टन एवं ँ६ उन्नाव से 500 मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री के लिए ब्डै (क) से ई–नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मण्डल प्रबंधक भानु प्रताप का कहना है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार भारतीय खाद्य निगम खुला बाजार बिक्री योजना (घरेलू) (ब्डै (क) के विभिन्न प्रावधानों द्वारा आम आदमी को समुचित खाद्यान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गेहूं की अगर और आवश्यकता हुई तो पंजाब के अतिरिक्त सरप्लस राज्यों से रेक माध्यम से मंगवा लिया जायेगा। जिससे कि बढती हुई कीमतों पर तत्काल नियंत्रण किया जा सके।

## लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सिल्वर जुबली वर्ष एवं सिक्ख मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में सिक्ख मेधावी छात्र समारोह एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सिल्वर जुबली वर्ष के अर्न्तगत भव्य समारोह गुरुद्वारा नाका हिण्डोला लखनऊ में लखनऊ आयोजित किया गया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. राजेन्द्र सिंह बग्गा ने अपने सम्बोधन में अवगत कराया कि लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के इस कार्यक्रम का आशय सम्मान करना अपितु छात्रों को उत्साहित करते हुए विभिन्न रोजगार क्षेत्रों में विशेषतौर पर सिविल सेवाएं एवं रक्षा सेवाओं में अग्रसर होने हेतु प्रेरित करने का है। महामंत्री स. हरपाल सिंह जग्गी ने अवगत कराया कि इस कड़ी में छात्रों को चिनहित कर आई0ए0एस0, आई0पी0एस0 एवं सेवा अधिकारियों द्वारा प्रेरणादायक काउन्सलिंग का आयोजन एवं छात्रों को रोजगार हेतु प्रशिक्षिण का दायित्व भी लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी निभाएगी। इस कड़ी में प्रशिक्षण केन्द्र गुरुद्वारा सदर में खोला जायेगा एवं सिविल सेवाओं एवं रक्षा सेवाओं की परीक्षाओं में उर्त्तीण छात्र–छात्राओं में जिनकी वित्तीय स्थिती सही नहीं उनके लिए कोचिंग का प्रबन्ध है। प्रवक्ता स. सतपाल सिंह मीत ने बताया कि दसवीं एवं बाहरवीं के छात्रों को सम्मान पत्र एवं पुरुस्कार द्वारा प्रोत्साहित किया गया।



जिसमें दसवीं के 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक वाले 8 छात्र–छात्राओं को मोबाइल फोन 90 से 94.5 प्रतिशत तक के 12 छात्र–छात्राओं को स्मार्ट वाच, 65 से 90 प्रतिशत तक के 22 छात्र–छात्राओं को इलेक्ट्रिक केटल प्रदान की गई। बाहरवीं के 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक वाले 3 छात्र–छात्राओं को मोबाइल फोन 90 से 94.5 प्रतिशत तक के 1 छात्र–छात्राओं को स्मार्ट वाच, 65 से 90 प्रतिशत तक प्रतिशत के 14 छात्र को इलेक्ट्रिक केटल प्रदान की गई। निरणायक मंडल में विशेष भूमिका स0 नरिन्दर सिंह मोंगा,मेजर मनमीत कौर सोढी, स0 दविन्दरपाल सिंह बग्गा सरबजीत सिंह बखशीश ने निभाई। सबसे अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को स0 नरिन्दर सिंह मोंगा द्वारा लिखित पुस्तक 'अनमोल कलमां' प्रदान की गई।

## पांच दिन से लापता किशोर का शव तालाब में उतराया मिला : हत्या की आशंका

प्रयागराज ब्यूरो : मऊआइमा थाना क्षेत्र के गदाईपुर गांव में पांच दिनों से लापता एक किशोर का का शव तालाब में उतराया मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के गदाईपुर गांव निवासी मोहम्मद अफसर उर्फ जैद (15) पिछले 25 जनवरी को रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सोमवार को गांव के ही तालाब में उसका शव उतराया मिला तो सनसनी फैल गई। सूचना पर परिवार के लोग भी रोते–बिलखते पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के



लिए भेजा गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। आरोप है कि कत्ल करने के बाद शव को तालाब में फेंका गया है।

## धूमधाम से मनाया गया मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री राम जानकी हनुमत धाम में विराजमान श्री राम राघव सरकार के आठवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ । इसी क्रम में बच्चों द्वारा श्री राम सीता व राधा कृष्ण की मोहक झांकियां व भक्ति में रंगारंग प्रस्तुतियां आयोजित हुई जिनमें ''वो है अलबेला मद नैनो वाला'' , ''सीताराम जी की प्यारी राजधानी लागे'' , ''मैया यशोदा यह तेरा कन्हैया'' व ''ठुमक चलत रामचंद्र''आदि भक्ति गीतों पर नृत्य करके सभी को बच्चों ने मग्न मुग्ध कर दिया । कार्यक्रम में अवंतिका, आरुषि, अर्पिता , एशिका, नवेली ,नव्या ,शगुन, राधा ,काव्या ,दिव्या ,वंशिका कश्यप, आस्था ,दयानिधि, अनोखी आदि बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी । छप्पन भोग से सजी थालियों में राघव सरकार को भोग लगाने के पश्चात 51 थालों से भगवान की आरती उतारकर पूजन अर्चन किया गया। भजन गायक अनिल दीवाना ने भजन ''श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेव''सुनाकर लोगों को भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। शिक्षिका शीलू मिश्रा व रचना प्रजापति, दिव्या सिंह ने भजन ''जो राम को लाए हैं हम





उनको लाएंगे''और 'जानकी जानकी' सुना कर सभी भक्तों को भाव विव्हल कर दिया । इसके बाद कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया।इस मौके पर मुख्यजमान अखिलेश सिंह, धर्म पत्नी पूर्णिमा सिंह,मुकुल सिंह आशा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू आशा,मुकेश सिंह,आरती , पूजा ,बीना , दिव्या सिंह, भूमिका सिंह, विनीता सिंह, आदर्श दीपक मिश्रा, उमा शंकर सिंह, वेद गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

## रामकृष्ण परमहंस कोठारी बंधु अशोक सिंघल महंत अवैद्यनाथ बालासाहेब ठाकरे को भी मिले भारत रत्न –डॉ तोगड़िया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज से लगभग 5 सौ साल पहले हिन्दू एकत्रित नहीं हुये थे तो मन्दिर तोड़कर बाबरी मस्जिद बना दिया गया लेकिन आज हिन्दू एकत्रित हो गये तो पुनः मन्दिर का निर्माण कराया जा रहा है। आज जो हिन्दू इस धरती पर हैं, ये वही हिन्दू हैं जिनके पूर्वजों ने मुगलों के सामने घुटने टेक करके इस्लाम धर्म नहीं अपनाये थे। उक्त बातें नगर के टीडी इण्टर कालेज में शनिवार की शाम को आयोजित हिन्दू रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष डा. प्रवीण भाई तोगड़िया ने कही। पत्रकारों से रुबरू होने के बाद मंच के माध्यम से हिन्दू ही आगे का नारा बुलन्द किया। साथ ही कहा कि जब भी हिन्दू एकत्रित हुये हैं तो इतिहास बना दिये हैं जिसका प्रमाण यह रहा कि कई मुगलों को इसी धरती पर नेस्तनाबूद कर दिये हैं। इसके अलावा उन्होंने वीर हिन्दू, विजेता हिन्दू, समृद्ध हिन्दू, संगठित हिन्दू, सुरक्षित हिन्दू के साथ सम्मानयुक्त हिन्दू का नारा देते हुये सभी लोगों से उपरोक्त वाक्यों को साकार करने के लिये संकल्प भी लिया। उन्होंने ने यह भी कहा कि यदि जनसंख्या कानून नही बना तो आने वाले समय मे फिर राममंदिर को तोड़कर पुनः मस्जिद बना दिया जाएगा। रामकृष्ण परमहंस कोठारी बंधु अशोक सिंघल महंत अवैद्यनाथ बालासाहेब ठाकरे को भी मिले भारत रत्नः तोगड़िया अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि केंद्र सरकार ने मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण देने की घोषणा की है जबकि वहीं मुलायम सिंह यादव ने 1990 में अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलवाई थी जिसमें कोठारी बंधु सहित तमाम कारसेवक शहीद हुए थे।भारत सरकार को चाहिए कि रामकृष्ण परमहंस, कोठारी बंधु, बाला साहब ठाकरे, अशोक सिंघल, जैसे देश की रत्नों को भारत रत्न देकर सम्मानित करें। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव को सरकार पद्म विभूषण की उपाधि से विभूषित करने का



विरोध नहीं करते हैं लेकिन देशभक्तों को भी ध्यान में रखना चाहिए। डॉक्टर तोगड़िया ने कहा की लेसर जनरल की रिपोर्ट बताती है कि जिस तरह से देश में मुस्लिमों की संख्या बढ़ रही है वह आने वाले समय में देश के लिए खतरा है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण हिंदुओं की ताकत से हो रहा है यही ताकत मथुरा और काशी के निर्माण में भी हिंदुओं की होनी चाहिए ।इसके लिए सरकार को सरदार पटेल की तरह कानून बनाना होगा। मथुरा काशी में भी मंदिर निर्माण के लिए कानून बनाना चाहिए। इसी क्रम में दर्जनों हिन्दू बालिकाओं व बालकों को त्रिशूल दीक्षा देते हुये सभी को त्रिशूल भी भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्याध्यक्ष डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रधानाचार्य एवं संचालन चन्द्र प्रकाश तिवारी विभाग महामंत्री अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने किया। इससे पूर्व में जनपद में पहुंचने पर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा जगह–जगह माल्यार्पण कर जोरदार नारों के साथ उनका स्वागत किया गया सभा स्थल पर पहुंचने पर बालिकाओं द्वारा तिलक लगाकर व पुष्प अर्पित कर उनका स्वागत किया गया ।अन्त में अहिप के जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय ने समस्त आगंतुकों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ईश्वरी प्रसाद, क्षेत्रीय महामंत्री धनंजय सिंह, प्रान्त महामंत्री काशी तरूण शुक्ल, प्रान्त सह संगठन मंत्री संजय दूबे, राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रान्तीय अध्यक्ष नरेन्द्र शास्त्री, फलाहारी महाराज, चन्दन तिवारी, पवन राय, रमेश मिश्र, राकेश श्रीवास्तव, प्रभाकर तिवारी एडवोकेट, नागेन्द्र सिंह, कुंवर दूबे, अरविन्द मिश्रा, राहुल प्रजापति, सचिन श्रीवास्तव, रामजी सोनी, विवेक गुप्ता, अवधेश बरनवाल, राष्ट्रीय छात्र परिषद के मनसिज पाण्डेय, निखिल सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अटेवा पेंशन बचाओ मंच जौनपुर की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अटेवा पेंशन बचाओ मंच जौनपुर की मासिक समीक्षा बैठक कृषि भवन परिसर में सम्पन्न हुई ।आज की बैठक में सर्वप्रथम पेंशन शहीद डॉ राम आशीष जी को नमन करते हुए बैठक का




शुभारंभ अटेवा जिला संयोजक चन्दन सिंह ने किया ।इस अवसर पर 12 फरवरी को गाजीपुर के लंका मैदान में मण्डलीय समीक्षा हेतु पेंशन पुरूष अटेवा / NMOPS के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय विजय कुमार बन्धु जी के आगमन हो रहा है । बैठक में पहुँचने को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई ।जिला महामंत्री सन्दीप चौधरी ने ब्लॉक पुनर्गठन के सम्बंध में नामित पर्यवेक्षको पुनः निर्देशित किया कि पुनर्गठन की कार्यवाही अतिशीघ्र करें। जिला मीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने बन्धु जी के कार्यक्रम के सम्बंध में बिंदुवार समीक्षा किया ।जिला उपाध्यक्ष राजेश उपाध्याय जी ने सुझाव दिया कि गाजीपुर के कार्यक्रम हेतु हर कार्यालय में सघन जन सम्पर्क अभियान चलाया जाय।इस अवसर पर अटेवा अध्यक्ष मड़ियाहूं अरविन्द यादव , संरक्षक प्रेम चन्द जी , यादवेंद्र यादव, रमेश मौर्य जी आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष टी.एन. यादव एवं संचालन जिला सोशल मीडिया प्रभारी नन्द लाल पुष्पक ने किया।

## एडीजी की सनसनीखेज रिपोर्ट : एडीएम सिटी दफ्तर से परीक्षा माफिया संग हुई 91 बार हुई बात : अब कार्यवाही की तैयारी

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेखपाल मुख्य परीक्षा–2021 में सेंध लगाने वालों के तार एडीएम सिटी दफ्तर से भी जुड़े हैं। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार द्वारा चार माह पहले मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एडीएम सिटी के दफ्तर में तैनात लिपिक व उसके सहायक की परीक्षा माफिया से क्रमशः दो व 89 बार बात हुई है। एडीजी के इस पत्र से प्रशासनिक महकमे में खलबली मची हुई है। हालांकि एडीजी ने लिपिक लक्ष्मीशंकर यादव और उनके सहयोगी बृजपाल को गैर जनपद स्थानांतरित करने की संस्तुति की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंडलायुक्त ने लिपिक का पटल परिवर्तन किए जाने की बात कही है। दरअसल 31 जुलाई 2022 को करेली स्थित चेतना गर्ल इंटर कॉलेज के केंद्र पर हुई लेखपाल भर्ती मुख्य परीक्षा में नकल कराने के मामले में केंद्र व्यवस्थापक, प्रधानाचार्य, प्रबंधक, अध्यापक और लिपिक के गठजोड़ की बात सामने आई थी। करेली थाने में इसका मुकदमा भी दर्ज है। इस मामले में एडीजी कानून व्यवस्था की ओर से 16 सितंबर 2022 को मंडलायुक्त को पत्र भेजा गया था, जिसमें परीक्षा माफिया के साथ एडीएम सिटी के कार्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं का काम देखने वाले लिपिक लक्ष्मी शंकर की संलिप्तता जाहिर की गई है। एडीजी की रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले में गिरफ्तार गिरिराज किशोर ने पुलिस को बताया कि चेतना गर्ल इंटर कॉलेज का काम कासान और शिक्षक महावीर सिंह देखते हैं। जांच में पाया गया कि महावीर जिले में कई और विद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं की देखरेख और सेटिंग कराते हैं। महावीर सिंह ही एडीएम सिटी कार्यालय में तैनात लिपिक लक्ष्मी बाबू से बात कर विद्यालय में सेंटर दिलाते हैं और बाहर परीक्षार्थी से भी सेटिंग भी कराते हैं। एडीजी की रिपोर्ट के मुताबिक महावीर सिंह के मोबाइल की सीडीआर निकलवाकर जांच कराई गई, तब पता चला कि परीक्षा माफिया से कंप्यूटर सहायक बृजपाल और लिपिक द्वारा फोन पर बात की गई है। चेतना गर्ल इंटर कॉलेज के



मोबाइल नंबर से भी दो कॉल किए जाने की पुष्टि हुई है। इतना ही नहीं बृजपाल लंबे समय से लिपिक लक्ष्मी शंकर यादव के सहायक के तौर पर तैनात बताया गया है। फिलहाल बृजपाल फरार है। एडीजी ने कहा है कि सीडीआर के विश्लेषण से स्पष्ट है कि परीक्षा माफिया महावीर से लिपिक लक्ष्मी शंकर की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस आधार पर एडीजी ने लिपिक लक्ष्मी शंकर यादव और कंप्यूटर सहायक बृजपाल का गैर जनपद स्थानांतरण करने का आग्रह किया था। लेकिन, चार माह बाद भी लिपिक लक्ष्मी शंकर उसी परीक्षा पटल पर ही तैनात है। खास यह है कि इस अवधि में भी उसी लिपिक की देखरेख में कई प्रतियोगी परीक्षाएं कराई जा चुकी हैं। एडीएम सिटी को सौंपी गई थी जांच मंडलायुक्त के निर्देश पर डीएम संजय कुमार खत्री ने मामले की जांच एडीएम सिटी मदन कुमार को सौंपी थी। एडीएम सिटी कहना है कि इस प्रकरण में उन्होंने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है। इस प्रकरण में मेरी जिलाधिकारी से वार्ता हुई है। प्रतियोगी परीक्षाओं का पटल देखने वाले लिपिक लक्ष्मीशंकर यादव का पटल परिवर्तन किया जा रहा है। – विजय विश्वास पंत, मंडलायुक्त–प्रयागराज इस मामले में लिपिक के सहायक की भूमिका की बात सामने आई है। इसकी जांच कराई गई है। रही बात लिपिक की, तो इसे देखा जा रहा है। –संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और समाजसेवी पंडित सुरेश त्रिपाठी जी के स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्थानीय तारा तारा इन।होटल में किया गया। जिला सहकारी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जनपद के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध जनों ने हार्दिक शोक संवेदना व्यक्त किया।




श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए के लाइफैद उत्तर प्रदेश चेयरमैन और जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने पंडित सुरेंद्र पार्टी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आदरणीय त्रिपाठी जी हमेशा जनहित के लिए सक्रिय और समर्पित रहे। जनपद वासी उन्हें कभी भूल नहीं सकते। श्रद्धांजलि सभा में जिला सहकारी बैंक के पूर्व डायरेक्टर छोटे लाल यादव ,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामचंद्र मिश्रा, प्रोफेसर देवेश चंद्र उपाध्याय, कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के पूर्व महामंत्रीआनंद मिश्रा , कांग्रेसी नेता प्रमोद मिश्रा, राम चंद्र पांडे , डॉक्टर राकेश उपाध्याय बृजेश तिवारी, एडवोकेट बजरंग प्रसाद अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रदेश प्रवक्ता दीपक श्रीवास्तव ,दयासागर राय, जिला दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश चतुर्वेदी, सामाजिक कार्यकर्ता द्विजेंद्र विश्वात्मा,कांग्रेस के नगर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम , विकेश उपाध्याय महेंद्र बेनवंशी इत्यादि लोगों ने सुरेंद्र त्रिपाठी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की .श्रद्धांजलि सभा का संचालन डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तरप्रदेश ने किया।

## तहसील सदर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का अपर जिला जज ने किया निरीक्षण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई सुधाकर दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में सोमवार को तहसील विधिक सेवा समिति सदर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया ।अपर जिला जज सुधाकर दुबे द्वारा लीगल एड क्लीनिक में अभिलेख व रजिस्टरों का बारीकी से मिलान किया उन्होने निरीक्षण के दौरान लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत परा विधिक स्वंय सेवकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि गरीब, असहाय व जरूरतमंदों की सहायता करने हेतु लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है। अपर जिला जज ने कहा कि विधिक सहायता क्लीनिक के माध्यम से हम उन वंचित वर्ग को न्याय के दरवाजे तक पहुँचा सकते हैं। लीगल एड क्लीनिक आम जन मानस को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करने का कार्य कर रही है। तथा पात्रता के आधार पर नियमानुसार



जरूरतमंदों को विधिक सलाह देने का विधिवत कार्य करते रहें । सचिव / तहसीलदार डॉ. प्रतीत त्रिपाठी ने अपर जिला जज का बुके देकर स्वागत किया तथा लीगल एड क्लीनिक से होने वाले कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार पीयुष कुमार भार्गव, लिपिक अभिषेक अवस्थी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउंसलर पवन गुप्ता, अनुभव वर्मा तथा लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत विधिक सलाहकार फरहान सागरी और दिनेश कुमार मौजूद रहे।

## अग्रहरि समाज के गौरव भोजपुरी फिल्म एंव उत्तरखण्डी अवार्ड के संस्थापक अध्यक्ष विनोद गुप्ता के जनपद आगमन पर किया गया स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अग्रहरि समाज के गौरव भोजपुरी फिल्म एंव उत्तरखण्डी अवार्ड के संस्थापक अध्यक्ष विनोद गुप्ता के जनपद आगमन पर अग्रहरि समाज के अध्यक्ष मनोज अग्रहरि के नेतृत्व में नगर के पंचहटिया स्थित व्यंकटेश ह्यूण्डई पर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में आज पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री विनोद गुप्ता कहा भोजपुरी सिनेमा की शुरुआत 1962 में ''गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबे''से हुई। भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों के सम्मान के लिए कोई कार्यक्रम नहीं था। भोजपुरी भाषा व भोजपुरी फिल्म के कलाकारों के सम्मान में २००५ मैनें पहली बार भोजपुरी फिल्म अवार्ड्स समारोह का आयोजन किया गया।अभिनय सम्राट दिलीप कुमार और सायरा बानो ने दीप प्रज्वलित कर इस अवार्ड का शुभारम्भ किया था जो आज निरन्तर चल रहा है। अवार्ड हिंदी टेलीविजन के जरिये विदेशों में पहुंचा और साथ ही भोजपुरी कलाकारों की लोकप्रियता में चार चांद लग गए. भोजपुरी फिल्म अवार्डस की वजह से मार्किट खुल गया और कई भोजपुरी चौनल्स का जन्म हुआ. 30 लाख में बनने वाली फिल्में आज डेढ़ करोड़ में बनने लगी है,श्री गुप्ता की अगुवाई में भोजपुरी फिल्मों को सहायता राशि प्रदान करने का सिलसिला शुरू हुआ। जिससे फिल्मों की संख्या बढ़ी. प्रदेश के हर जिले में शूटिंग होने की वजह से प्रदेश के लोगों को रोजगार भी मिलने लगा है। अवार्ड निरंतर १७ साल से हो रहा है इसलिए इसे सबसे पुराना, प्रतिष्ठित अवार्ड समारोह माना जाता है, क्यों न हों यह एकमात्र जूरी बेस्ड अवार्ड है इसीलिए पूरी इंडस्ट्री इस अवार्ड के साथ जुड़ी है. 17जी भोजपुरी फिल्म अवार्ड्स 23 जनवरी



को मुंबई में आयोजित किया गया था. जहाँ भोजपुरी सिनेमा जगत के बड़े कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. तभी तो विनोद गुप्ता द्वारा आयोजित अवार्ड को भोजपुरी सितारों का महाकुम्भ भी कहा जाता है। विनोद गुप्ता ने उत्तराखंड फिल्म अवार्ड्स का भी आयोजन किया था, कोविड के बाद वाला संस्करण इस साल अप्रैल २०२३ में आयोजित किया जायेगा. उत्तराखंडी फिल्म्स इंडस्ट्री इस अवार्ड को लेकर पूरी उत्तराखंडी फिल्म इंडस्ट्री बहुत ही उत्साहित है। वहीं निर्देशक व लेखक प्रमोद शास्त्री ने कहा हमारा प्रयास है भोजपुरी फिल्में पारिवारिक व साफ सुथरी व सम सामयिक विषयों पर आधारित हो समाज में एक अच्छा संदेश जाए वहीं पत्रकारों के सवाल के जवाब में उन्होंने कहां भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री व एल्बम इंडस्ट्री दोनों अलग अलग है..कुछ मरे कलाकार सस्ती लोकप्रियता के कारण विभिन्न अश्लील व फूहड़ गाने गा रहे हैं।जिससे भोजपुरी को लेकर समाज में अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। इन कुरीतियों को दूर करने का प्रयास हमलोग कर रहे हैं। जनपद के जो भी युवा कलाकार हैं उनको मौका भी देने का काम करेंगे। अग्रहरि समाज के अध्यक्ष मनोज अग्रहरि ने सभी का स्वागत अभिनन्दन किया। इस मौके पर संयोजक विनोद अग्रहरि, महामंत्री रविन्द्र अग्रहरि,खझड़ी सम्राट सत्यप्रकाश गुप्त मुन्ना,विक्रम अग्रहरि,दीपक अग्रहरि,सन्तोष अग्रहरि,विकास अग्रहरि, अरविन्द अग्रहरि,रंजीत अग्रहरि,राघवेंद्र अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

## बीएएलएलबी (ऑनर्स) कोर्स में सीधा प्रवेश 31 तक

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया 02 मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके विचारों को साझा करते हुए





पूर्वान्ह 11.00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन रख कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव ने विद्यालय का किया निरीक्षण बच्चों से सुना 37 का पहाड़ा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन दुर्गा शंकर मिश्र ने प्राथमिक विद्यालय अभयचंदपट्टी, विकास खंड कारंजाकला में स्कूल का निरक्षण किया।इस दौरान डीएम मनीष कुमार वर्मा सीडीओ सीलम सई तेजा बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने मुख्य सचिव को बुके देकर स्वागत किया । BSA के नेतृत्व में विद्यालय के डिस्कवरी लैब को दिखाया गया । मुख्य सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान वहा उपस्थित प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर सिकरारा के छात्र छात्राओं शिवम कन्नौजिया काजल बानो जीनत बानो आदि से उपकरणों के बारे में पूछने पर बच्चों द्वारा बहुत ही बेबाकी से जवाब पाकर बहुत खुश हुए। कक्षा 4 के दिव्यांग छात्र शिवम कन्नौजिया ने बताया कि उसको 40 तक पहाड़ा आता है तो मुख्य सचिव द्वारा 37 का पहाड़ा पूछे जाने पर उसके द्वारा तुरंत सुनाए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए 1000 रुपये का पुरस्कार बच्चों को मिठाई खाने के लिए दिया। वर्तमान समय में जनपद के 218 न्याय पंचायत में 30 न्याय पंचायतों में डिस्कवरी लैब का काम पूर्ण हो गया है शेष में कार्य गतिमान है तत क्रम में टी. एल.एम. मेले का भी देखा और सभी शिक्षकों का भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि अब हमारा प्रति विद्यालय पूरी तरह से टी. एल.एम. युक्त एवं सामग्री से संतृप्त हो गया है हमें विश्वास है कि हम जरुर सफलता प्राप्त करेंगे। अंत में विद्यालय के स्मार्ट क्लास को देखा स्मार्ट क्लास में टीवी के माध्यम से दीक्षा एप, रीड अलांग, यूट्यूब आदि के बारे में पूछा गया जिसका उत्तर दिया गया और प्रसन्न होते हुए कहा कि हमें बहुत ही प्रसन्न है आप लोगों पर गर्व है आप लोग इसी तरह से कक्षा शिक्षण करते रहें ताकि उत्तर प्रदेश का हर बच्चा निपुण बच्चा बन सके।

## एएमयू में जिन्ना की जगह वीर सावरकर की तस्वीर लगाने पहुंची हिन्दू महासभा : पुलिस ने रोका

अलीगढ़ ब्यूरो : गणतंत्र दिवस पर एएमयू में धार्मिक नारे लगने के विरोध में अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता वीर सावरकर की तस्वीर लेकर चले। एएमयू से जिन्ना की तस्वीर हटाकर वीर सावरकर की तस्वीर लगाने के प्लान पर पुलिस ने मडराक टोल प्लाजा पर रोक लिया। वहां हिंदू महासभा ने ज्ञापन दिया। गणतंत्र दिवस पर एएमयू में एनसीसी कैडेट्स ने जोश में धार्मिक नारे लगाए थे। इसके विरोध में अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता रविवार को वीर सावरकर की तस्वीर लेकर मडराक टोल प्लाजा से एएमयू के लिए निकले। हिंदू महासभा एएमयू में से जिन्ना की तस्वीर हटाकर वीर सावरकर की तस्वीर लगाने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने मडराक टोल प्लाजा पर उन्हें रोक लिया। पुलिस के समझाने पर हिंदू महासभा ने ज्ञापन सोंपा और वापस चले गए। एएमयू से हटे जिन्ना की तस्वीर अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट ने कहा कि एएमयू में जिन्ना की तस्वीर लगी है, उसे देखकर छात्रों को गलत विचार आते हैं, अगर जिन्ना की तस्वीर हटाकर वीर सावरकर की तस्वीर लगा दी जाएगी, तो छात्रों को देश प्रेम के विचार आएंगे। नारा लगाने वाले छात्र पर हो सख्त कार्रवाई हिंदू महासभा ने गणतंत्र दिवस वाले दिन एएमयू में धार्मिक नारा लगाने वाले छात्र पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। छात्र पर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज



हुआ है, उस पर राष्ट्रद्रोह की धारा जोड़नी चाहिए। हिंदू महासभा ने प्रशासन से कहा कि अगर 72 घंटे में अगर मांग पूरी नहीं हुई, तो सभी हिंदू संगठन एएमयू में आंदोलन कर एएमयू में से जिन्ना की तस्वीर हटाकर वीर सावरकर की तस्वीर लगाएंगे। सांसद भी जिन्ना की तस्वीर हटाने कर चुके हैं मांग अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम एएमयू में से जिन्ना की तस्वीर हटाने की पहले ही मांग कर चुके हैं, पर उस पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई।

# जिले के 282 सत्रों में 8750 लाभार्थियों ने कराया अपना कोविड टीकाकरण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो अयोध्या)जिले में सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रविवार को जिले की सभी पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आम जन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और आरोग्य मेले का सफल आयोजन किया गया।जिले के 282 सत्रों पर कोविड टीकाकरण मेगा कैम्प का आयोजन हुआ।जिसमें शाम चार बजे तक 18 वर्ष से ऊपर के 8750 लाभार्थियों द्वारा अपना कोविड टीकाकरण कराया गया।इस मेले में कोविड टीकाकरण के साथ साथ बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य को हासिल किए जाने हेतु सीएचसी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को परखने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने सीएचसी हरिंगटनगंज,बीकापुर और पीएचसी कोछा बाजार, ब्लॉक बीकापुर का भ्रमण किया। उन्होंने उसके साथ ही साथ विभागीय नोडल अधिकारियों द्वारा भी सीएचसी और पीएचसी का भ्रमण किया।वही अयोध्या जिले की सभी पीएचसी पर आयोजित आरोग्य मेले में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा इलाज व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हासिल करने आए लोगों का इलाज किया व उनको आवश्यक स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की गई।इस मेले में कुल चिकित्सक 82,पैरामेडिकल 276 ने अपनी महत्वपूर्ण सेवा प्रदान किया।इस मेले में 633 पुरुष,536 महिला व 292 बच्चों ने अपना उपचार कराया।इस मेले में 14 आयुष्मान कार्ड ,560 हेल्प डेस्क पर स्क्रीन हुए।




वही 163 कोविड टेस्ट,0 पॉजिटिव ,3 आंख के मरीज,36 लिवर के मरीज,47 बुखार के मरीज,77 सांस के मरीज,48पेट के मरीज,112 शुगर के मरीज,77 चर्म रोग के मरीज,108 टीबी के सस्पेक्टेड मरीज, 4 एनीमिया के मरीज, 21उच्च रक्तचाप के मरीज, 16 प्रसव,पूर्व जांच 60,कुपोषित चिन्हित एवम ईलाज 0,रेफर 08,मलेरिया जांच 16 और पॉजिटिव कोई मरीज नहीं मिले।जिले के 282 सत्रों पर कोविड टीकाकरण मेगा कैम्प का आयोजन हुआ।जिसमें शाम चार बजे तक 18 वर्ष से ऊपर के 8750 लाभार्थियों द्वारा अपना कोविड टीकाकरण कराया गया।

# किराया को लेकर एंबुलेंस चालकों व मरीजों के परिजन से आये दिन होती है झड़प

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिला चिकित्सालय के सामने खड़े प्राइवेट एंबुलेंस वाहन चालकों द्वारा अधिक किराया को लेकर आये दिन मरीजों व उनके परिजनों से हाथापाई की नौबत आ रही है।जिसपर अंकुश लगाने में इससे संबंधित विभाग के कर्मी व पुलिस चुप्पी साधे हुए हैं। यह गंभीर आरोप वहां पर मौजूद कई मरीजों व उनके परिजनों ने लगाया।इस संबंध में वहां पर मौजूद अपना नाम न छापने की शर्त पर मौजूद मरीजों व उनके परिजनों के अलावा वहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि जिला चिकित्सालय के बाहर खड़े जितने भी प्राइवेट एंबुलेंस है उन सभी का कोई रेट नहीं तय है।अगर किसी भी मरीज को दूसरे निजी अस्पताल व दूर दराज के चिकित्सालयो में जाना है तो प्राइवेट एंबुलेंस चालक मरीजों व उनके परिजनों से अधिक किराया वसूलने पर लगे रहते हैं। वहां पर मौजूद मरीजों व अन्य लोगों ने बताया कि इस समय जिला चिकित्सालय में दलाल काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। ये सक्रिय दलाल सिर्फ जिला चिकित्सालय के आनंद व मेडिकल स्टोरों तक ही सीमित नहीं है बल्कि संबंधित चिकित्सक किस मरीज को कब और किस चिकित्सालय में भर्ती कराया जा रहा है उसकी भी जानकारी भी इन दलालों को मालूम रहती है।जो मरीजों व उनके परिजनों को लेकर जिला चिकित्सालय के सामने खड़े प्राइवेट एंबुलेंस तक चालकों के



मिलाकर खुद गायब हो जातें हैं। जिसके चलते एंबुलेंस चालक अपने किराया के साथ उन दलालों के कमीशन को जोड़कर किराया बताते हैं।अधिक किराया के चलते वहां पर खड़े एंबुलेंस के वाहन चालकों व मरीजों के परिजनों में किराया को लेकर आये दिन तू तू मैं मैं होती रहती है।यहां तक कि यह मामला पुलिस तक भी पहुंच जाता है।वहां के लोगों का मानना है कि इन एंबुलेंस चालको द्वारा मरीजों के परिजनों से मुंहमांगी कीमत मारपीट होने का मुख्य कारण है। परंतु इस गंभीर समस्या पर इससे संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का ध्यान नहीं जा रहा है।

## कोतवाली नगर व स्वाट टीम ने संयुक्त रुप से शराब विक्रेता को किया गिरफ्तार

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम व आबकारी निरीक्षक के कर्मियों ने संयुक्त रुप से शराब विक्रेता को गिरफ्तार किया।पुलिस ने गिरफ्तार किये गये विक्रेता




के पास से 18 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम व निरीक्षक मोहम्मद अरसद स्वाट टीम प्रभारी,आशीष चन्द्र त्रिपाठी चौकी प्रभारी चौक कोतवाली नगर, अयोध्याध व आबकारी निरीक्षक हरीन्द्र कृष्णा जनपद अयोध्या ने संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना के आधार पर ककरही बाजार के पास रविवार को आरोपी विनोद कुमार मौर्य पुत्र अमरनाथ मौर्य निवासी ककरही बाजार चूना भट्ठी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर उसके पास से 18 पेटी अंग्रेजी शराब व बियर बरामद किया। जबकि एक अन्य आरोपी राहुल गुप्ता दुकान मालिक रामप्रकाश चौक बियर की दुकान फरार हो गया।

## महिलाओं की सुरक्षा स्वाबलंबन एवं सम्मान को लेकर मिशन शक्ति के तहत जागरूकता फैलाने निकली एंटी रोमियो टीम

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। महिलाओं के सुरक्षा, स्वाबलंबन एवं सम्मान को लेकर रविवार को पुलिस की ओर से पूरे जनपद में मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों द्वारा अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। साथ ही आपात स्थित में मदद हासिल करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जानकारी दी और पत्रक भी बांटा। प्रदेश सरकार ओर से मिशन शक्ति के तहत महिला संबंधी अपराधों पर लगाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत न केवल महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वरन आत्मरक्षा के गुर भी सिखाये जा रहे हैं। अभियान को संचालित करने जनपद के सभी थानों में महिला हेल्प स्थापना के साथ और कार्रवाई के लिए एंटी रोमियो टीमों का गठन किया गया है। रविवार को जिला पुलिस की ओर से बताया गया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत थानों की एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान की विस्तार से जानकारी दी और इसके लिए चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090, यूपी 112, 181, 1076 आदि के बारे में जागरूक करने के साथ साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें। साथ ही यदि साइबर फ्रॉड के शिकार होते हैं तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करायें। टीमों ने संपर्क अभियान के दौरान महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन का पत्रक भी वितरित किया। इसके अलावा अभियान में एंटी रोमियो टीमों ने गली–मोहल्लों , बाजारों, सडकों, चौक–चौराहों पर बेवजह घूम रहे संदिग्धों को रोककर पूछताछ की तथा बेवजह इधर–उधर न घूमनें की सख्त हिदायत दी।

# अराजक तत्वों पर शिकंजा कसेगी एंटी रोमियो स्क्वायड टीम – सीओ सिटी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)शहर के विभिन्न चौराहों के अलावा लड़कियों के स्कूलों,कालेजों व कोचिंग सेंटरोंं के आसपास सक्रिय अराजक तत्वों पर अब पुलिस शिकंजा कसने जा रही है। इधर काफी दिनों से छात्राओं के अभिभावकों द्वारा पुलिस उच्चाधिकारियों को लगातार मिल रही शिकायतों के चलते एक बार फिर पुलिस इन अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड टीम का गठन करने जा रही है।इस बात की जानकारी देते हुए सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि हमेशा की तरह एक बार फिर विभिन्न चौराहों व लड़कियों के स्कूलों, कोचिंग सेंटरोंं व कालेजों के आसपास सक्रिय अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए एंटी रोमियो टीम की होने जा रही है।इस टीम मे महिला व पुरुष सादे वर्दी के साथ–साथ वर्दी में भी नजर आएंगे उन्होंने बताया की सादी वर्दी में तैनात महिला पुलिस की तैनाती शहर के विभिन्न चौराहों व लड़कियों के कॉलेजों व सेंटरो के आसपास की जाएगी। चौराहो के अलावा स्कूल व कालेजों के खुलने व बंद होने के समय इस टीम में शामिल महिला पुलिस कर्मियों की पैनी निगाह वहां पर सक्रिय अराजक तत्वों पर रहेगी।उनके मुताबिक जो भी अराजक तत्व यहां पर लड़कियों व महिलाओं से छेड़खानी करते नजर आया पुलिस तुरंत उन्हें दबोचने का कार्य करेगी।इस संबंध में सीओ सिटी श्री सिंह ने बताया कि शीघ्र ही एंटी रोमियो स्क्वायड टीम जहां एक ओर इन अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए वहां सक्रिय रहेगी।वहीं इसी कड़ी में वह स्वयं शहर के विभिन्न स्कूल व कालेजों में जाकर वहां के प्रबंध



तंत्रों से आपसी सामंजस्य बनाकर वहां के शिक्षकों के साथ साथ छात्राओं को यह संदेश देंगे कि स्कूल कालेज के अलावा कही भी अगर किसी भी छात्रा व शिक्षिकाओं व महिलाओं को किसी भी अप्रिय घटना की अंदेशा होती है तो वे बिना किसी देरी किए पुलिस को सूचित करें और जिसके चलते पंच मौके पर पहुंचकर किसी भी अप्रिय घटना के होने से बचाएं। मालूम हो कि इस समय मिशन शक्ति अभियान महज एक तरह से दिखावा बनकर ही रह गया है।यह अभियान स्कूल कालेज व ग्रामीण क्षेत्रों में महज पंपलेट व भाषण तक ही सिमट कर रह गया है।जिसके चलते इधर पिछले दो–तीन महीने से शहर के विभिन्न चौराहों जिसमें खासकर सिविल लाइन चौराहा,रिकाबगंज चौराहा, फतेहगंज चौराहा, नवीन मंडी,नियावां,साहबगंज, रीडगंज, देवकाली तिराहा सहित कई ऐसे प्रमुख चौराहा है जहां पर इन अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है। जिसके चलते इधर से गुजरने वाली छात्राओं व महिलाओं के साथ साथ लड़कियों में किसी भी अप्रिय घटनाओं को लेकर भय बना रहता है।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2023 : आइए कुष्ठ से लड़े और कुष्ठ को इतिहास बनाए

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। दिनांक 30 जनवरी 2023, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत आज 30 जनवरी को कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस के अवसर पर जनपद को कुष्ठ रोग मुक्त जनपद बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार द्वारा स्वास्थ विभाग सहित जनपद के अन्य विभागों के अधिकारियों, एनजीओ प्रतिनिधियों, उपस्थित आम जन को सतत सार्थक प्रयास किए जाने पर बल देते हुए स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियानऋ2023 का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने 2030 तक कुष्ठ रोग को पूर्ण रूप से समाप्त किए जाने के भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के लक्ष्य को हासिल किए जाने को रेखांकित करते हुए बताया कि जागरूकता एवं ज्ञान के अभाव के कारण समाज में कुष्ठ रोग के प्रति कलंक एवं भेदभाव के चलते कुष्ठ रोग के फैलाव व उपचार के प्रति गलतफहमी बढ़ती जा रही है। कुष्ठ रोग से जुड़ा हुआ यह कलंक जीवन के अनेक पहलुओं जैसे कि सामाजिक प्रतिष्ठा , रोजगार के अवसरों, वैवाहिक एवं पारिवारिक जीवन को प्रभावित करता है। कुष्ठ रोग से लड़ने एवं कुष्ठ रोग को इतिहास बनाने के लिए बेहतर रणनीति, शीघ्र कुष्ठ रोगी खोज,उपचार एवं विकलांगता की रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से कार्य किए जाने की जरुरत है। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के अवसर पर जिलाधिकारी ने आमजन को कुष्ठ रोग के पूर्ण उन्मूलन के लिए संदेश दिया 'हम सभी अयोध्या जनपद के लोग और जिला प्रशासन इस आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत ही आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हम सभी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेंगे। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगे और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देंगे। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देगें। आप सभी जनपदवासियों से एक और अनुरोध है कि इस बार सघन कुष्ठ रोगी खोज एवं निगरानी अभियान एक माह के लिए चलाया जाना है, जिसके अन्तर्गत घर–घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोजा जायेगा। अतः इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर इस अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हम सब शपथ लेते हैं कि आइए कुष्ठ से लड़े और कुष्ठ को इतिहास बनाए। अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कुष्ठ अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और विभागीय कर्मचारी उपस्थित हुए।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयान को लेकर भड़के महंत राजू दास : योगी सरकार से कार्यवाही की किया मांग

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या हनुमानगढ़ी महंत राजू दास ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की अपील जिस प्रकार स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने गुर्गों के साथ श्रीरामचरितमानस का पन्ना लखनऊ में जलवाया है यह दुखद है और निंदनीय है अतः मुख्यमंत्री जी से अपील है कि जिन लोगों ने श्रीरामचरितमानस के पन्ने को जलाया है ऐसे व्यक्तियों के ऊपर कठोर कार्रवाई की मांग की।उन्होंने कहा अगर सरकार कार्यवाही नहीं की तो अयोध्या के साधु संत हिंदू जनमानस में काफी आक्रोश है और जिस दिन साधु संत व हिंदू जनमानस उठ जाएगा आपके प्रशासन व्यवस्था रोक नहीं पाएगी इसलिए आप से अपील है कि ऐसे लोगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करें। उन्होंने एक वीडियो में बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्य का सर कलम करने वाले को मैं उसे 21 लाख का इनाम दूगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कार्यवाही न करने पर हिंदू समाज अपनी कार्यवाही करेगा।

## राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक : रामलला की अचल मूर्ति पर किया गया गहन मंथन

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। रामनगरी अयोध्या मे राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक रविवार को देर शाम संपन्न हुई। बैठक में नवनिर्मित गर्भ ग्रह में स्थापित होने वाली रामलला की अचल मूर्ति पर गहन मंथन किया गया। राम लला की अचल मूर्ति किस पत्थर की बनेगी इस पर अंतिम निर्णय मूर्तिकला के विशेषज्ञ करेंगे। बैठक के लिए विभिन्न चित्रकारों द्वारा मूर्ति की डिजाइन भी बनाकर भेजी गई थी, जिस पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अपनी अपनी राय रखी।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने बैठक के बाद बताया कि निर्माण समिति की बैठक इस बार रामलला की मूर्ति के स्वरूप, कितनी दूरी से दर्शन और मूर्ति की ऊंचाई कितनी होगी, इसी पर केंद्रित रही। इस बैठक में रामलला की मूर्ति के स्वरूप से संबंधित सभी आवरण जैसे आंखों की कोमलता, देवत्व और बाल सुलभता, होठों की मुस्कान, गाल और मस्तक के साथ–साथ नाभि की संपूर्ण रचना पर गंभीर चिंतन किया गया। इसी के साथ ही इस आशय पर भी विचार किया गया कि मूर्ति किसी भी दशा में बाल रूप में प्रतीत हो।बता दे इस बैठक में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी समेत जगतगुरु वासुदेवानंद सरस्वती, ट्रस्टी अनिल मिश्र, विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र शामिल रहे।बैठक में पहली बार निर्माण समिति के सदस्य शत्रुहन सिंह भी शामिल हुए। इसके अलावा राम जन्मभूमि के सुरक्षा सलाहकार केके शर्मा व सीएजी के अधिकारी आशुतोष शर्मा बैठक में ऑनलाइन जुड़े हुए थे।

## श्रीरामचरित मानस की प्रतियां जलाने में स्वामी प्रसाद मौर्य समेत 10 पर मुकदमा, पांच गिरफ्तार

लखनऊ ब्यूरो : श्रीरामचरित मानस के पन्नों की प्रतियां जलाने के मामले में पीजीआइ पुलिस ने रविवार देर रात स्वामी प्रसाद मौर्य समेत 10 नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सोमवार सुबह पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश में दबिश दे रही है। श्रीरामचरित मानस पर विवादित बयान देने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थन में रविवार को अखिल भारतीय ओबीसी महासभा वृंदावन योजना तिराहे पर रविवार सुबह करीब 10 बजे विरोध प्रदर्शन किया था। महासभा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने श्रीरामचरित मानस के पन्नों की प्रतियां जलाईं थीं। महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सनातन धर्म संस्कृति और श्रीराम चरित मानस की चौपाई और रचयिता तुलसीदास पर भी सवाल उठाते हुए नारेबाजी की थी। महासभा के पदाधिकारी देवेंद्र यादव ने कहा था कि श्रीरामचरित मानस में कई चौपाइयों में जातियों के विषय में गलत बाते लिखी हैं। संविधान में संशोधन हो सकता है यह हवाला देते हुए प्रदेश सरकार से श्रीरामचरित मानस में लिखित चौपाइयों को हटाने और संशोधित करने का बयान जारी किया था। जल्द संशोधन न होने पर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने की बात कही थी। दोपहर इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर जारी हो गया था। इसके बाद अखिल भारत महासभा हिंदू महासभा समेत कई अन्य संगठनों ने इसका विरोध किया था। आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की थी। देर रात ऐशबाग के रहने वाला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्य



समिति के सदस्य सतनाम सिंह उर्फ लवी की तहरीर पर पीजीआइ पुलिस ने स्वामी प्रसाद मौर्य, देवेंद्र सिंह, यशपाल सिंह लोधी, सत्येंद्र कुशवाहा, महेंद्र प्रताप यादव, सुजीत यादव, नरेश सिंह, एसएस यादव, संतोष वर्मा, सलीम और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सतनाम सिंह का आरोप है कि श्रीरामचरित मानस की प्रतियां जलाकर उक्त आरोपितों ने एक समुदाय की भावना को आहत करने, सांप्रदायिक दंगा फैलाने, विद्वेष फैलाने, हिंसा के लिए लोगों को उकसाने, राज्य की लोक व्यवस्था व कानून व्यवस्था को खराब करने माहौल बिगाड़ने का जानबूझ कर प्रयास किया है। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। एडीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि उक्त मामले में आरोपित देवेंद्र सिंह, सलीम समेत पांच को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है। अन्य को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# जेसीआई जौनपुर ने दी राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर जेसीआई जौनपुर द्वारा संस्था अध्यक्ष जेसी दिलीप सिंह की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गांधी चौराहा, खरका कॉलोनी, जौनपुर पर किया गया। गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। दिलीप सिंह ने कहा गांधी सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक विचारधारा है और विश्व के अधिकांश देश उनके बताए पथ पर चलने की कोशिश कर रहे हैं उनसे प्रेरणा लेकर हम भी उन के पथ पर चलने का प्रयास करें। पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता व जोन डायरेक्टर गौरव सेठ ने अपने अपने विचार व्यक्त किए उक्त कार्यक्रम में आशुतोष जायसवाल, प्रदीप सिंह, मनीष तिवारी, अभिषेक बैंकर आदि उपस्थित रहे। सचिव आकाश केसरवानी ने सभी




आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।